**Kanak Mal Dugar**
President, Gandhi Vidya Mandir
Chancellor, IASE (D) University

IASE letter_c

iase deemed university

GANDHI VIDYA MANDIR
Sardarshahr - 331401 (Raj.)
Tel. : +91-1564-223 534 (Direct)

*दिनांक : 03.06.14*

*प्रति,*
*परम श्रद्धेय श्री ए.नागराज जी,*
*प्रणेता–मध्यस्थ दर्शन सह–अस्तित्ववाद एवं संस्थापक–संरक्षक दिव्यपथ संस्थान,*
*अमरकंटक*

विषय : छत्तीसगढ़ में आपके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए सलाहकार समिति के गठन का अनुरोध।

परमश्रद्धेय,

आपके प्रेरणा एवं सहयोग के कारण गाँधी विद्या मंदिर का मानव बनाने के काम का संकल्प पूरा होने की संभावना बन रही है। आपकी प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में गाँधी विद्या मंदिर और आई.ए.एस.ई. मान्य विश्वविद्यालय में निम्नांकित गतिविधियां पूर्व से ही चल रही हैं। जिसमें दिव्य पथ संस्थान का सतत सहयोग हमें प्राप्त हो रहा है।

(1.) चेतना विकास मूल्य शिक्षा शिविर एवं कार्यशालाएं।
(2.) चेतना विकास मूल्य शिक्षा के आधार पर पाठ्यक्रमों का निर्माण एवं पाठ्यक्रमों की पुनर्संरचना।
(3.) अभ्युदय संस्थान, अछोटी में दीर्घकालीन (एक वर्षीय एवं त्रिवर्षीय) प्रबोधन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम।

गाँधी विद्या मंदिर इस कार्य को और आगे ले जाने के लिए उत्सुक है। किन्तु वर्तमान की स्थिति में इस कार्यक्रम को पूर्णता तक ले जाने की सक्षमता यहाँ तैयार नहीं है। अतः हमारी इच्छा है कि आपके मार्गदर्शन में एक नये विश्वविद्यालय का निर्माण हो जो पूर्णतः शिक्षा को मानवीय बनाने का एक आदर्श प्रस्तुत कर सके।

गाँधी विद्या मंदिर आपकी सलाह पर छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में एक विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए बेमेतरा में आवश्यक भूमि क्रय कर ली गई है। आगे इसके संचालन के लिए आपके अग्रिम आदेश एवं सलाह की आवश्यकता है।

आपकी प्रेरणा सब सही कार्यों के लिये सदैव उपलब्ध रही है। किन्तु हमें आपका मार्गदर्शन तथा सहयोग की आवश्यकता है।विश्वविद्यालय निर्माण के कार्य को गति प्रदान करने के लिए एक सलाहाकार समिति के गठन की आवश्यकता है । आपसे विनम्र अनुरोध है कि सलाहकार समिति के लिए 6–8 व्यक्तियों को नामांकित करने की कृपा करें, जिनकी सलाह पर अग्रिम कार्यवाही सम्पन्न किया जा सके।

अति आदर के साथ,

विनयावनत

(कनकमल दूगड़)
अध्यक्ष, गाँधी विद्या मंदिर
सरदारशहर, चूरु

Founded in 1950, A pioneer Institution of Education
Rural Development & Social Transformation

Tel. : +91-1564-223 054 / 220 025, Fax : +91-1564-223682
oncampus@iaseuniversity.org.in, gvmcentraloffice@gmail.com
www.gandhividyamandir.org.in

www.madhyasth-darshan.info - Information Portal

स्थापित : 2 अक्टूबर, 1950